# Newsletter Govt. Polytechnic Bhatapara

**वर्ष**–2 **अंक**–3 **जुलाई**–

**सितम्बर** 2023

## संक्षेप में समाचार

- AICTE की योजना "एक विद्यार्थी एक वृक्ष" के तहत संस्था परिसर में वृहद् वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन दिनांक 7-7-2023 से 4-8-2023 तक किया गया |
- संस्था के सिविल इंजीनियरिंग चतुर्थ सेमेस्टर के छात्र- छात्राओं को इंडस्ट्रियल विजिट के अंतर्गत Water Treatment Plant, Bhatapara दिनांक 14-07-2023 को ले जाया गया |
- संस्था के मैकेनिकल इंजीनियरिंग के छात्र- छात्राओं के लिए विभिन्न कंपनियों मे placement हेतु विभाग के व्याख्याताओं द्वारा pre-placement प्रोग्राम का आयोजन दिनांक 11-8-2023 को किया गया।
- विश्व आदिवासी दिवस के उपलक्ष में संस्था में दिनांक 10-08-2023 को प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन प्रथम वर्ष के विद्यार्थियों के लिए किया गया |
- स्वतंत्रता दिवस के कार्यक्रम का आयोजन दिनांक 15-08-2023 को किया गया |
- प्रवेश समिति एवं DVC समिति के सदस्यों की बैठक दिनांक 12-9-2023 को रखा गया |
- संस्था में तहसील कार्यालय के द्वारा मतदाता सूची में नाम जुडवाने हेतु विशेष सिविर का आयोजन दिनांक 19-8-2023 को किया गया|
- संस्था में प्रवेश कार्य का प्रारंभ दिनांक 17-8-2023 से किया गया |
- संस्था में सदभावना दिवस पर दिनांक 18-8-2023 को प्रतिज्ञा ली गई |
- संस्था में छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयोग के प्रतीक चिन्ह (logo)तैयार करवाने हेतु निर्वाचन आयोग द्वारा आयोजित प्रतियोगिता का आयोजन दिनांक 23-8-2023 किया गया |
- संस्था के नवीन पार्किंग की concrete flooring का कार्य दिनांक 1-9-2023 से प्रारंभ किया गया|
- संस्था की प्रथम वार्षिक पत्रिका का विमोचन दिनांक 5-9-2023 को किया गया |
- संस्था से उच्च शिक्षा हेतु व्याख्याताओं का अध्ययन अवकाश स्वीकृत कर दिनांक 11-9-2023 को कार्यमुक्त किया गया |

- संस्था में दिनांक 17-9-2023 को विश्वकर्मा जयंती पर मशीनों की पूजा की गई|

## सिविल विभाग

- ❖ चतुर्थ सेमेस्टर के छात्र- छात्राओं को इंडस्ट्रियल विजिट के अंतर्गत जल प्रशोधन संयंत्र, भाटापारा में ले जाया गया|
- ❖ सितम्बर माह में चतुर्थ एवं अंतिम सेमेस्टर की परीक्षाएं ली गई|
- ❖ सितम्बर माह में प्रायोगिक परीक्षा आयोजित की गयी|

## इलेक्ट्रिकल विभाग

- ❖ उच्चअध्ययन हेतु विभाग के व्याख्याता श्री केशव कुमार पटेल को कार्यमुक्त किया गया|
- ❖ सितम्बर माह में चतुर्थ एवं अंतिम सेमेस्टर की परीक्षाएं ली गई|
- ❖ सितम्बर माह में प्रायोगिक परीक्षा आयोजित की गयी|

## मेकेनिकल विभाग

- ❖ pre-placement प्रोग्राम का आयोजन किया गया।
- ❖ उच्चअध्ययन हेतु विभाग के व्याख्याता श्री दीपक कुमार को कार्यमुक्त किया गया|
- ❖ सितम्बर माह में चतुर्थ एवं अंतिम सेमेस्टर की परीक्षाएं ली गई|
- ❖ सितम्बर माह में प्रायोगिक परीक्षा आयोजित की गयी|

## एक छात्र एक पेड़

शासकीय पॉलिटेक्निक भाटापारा (छ.ग.) में अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद के अभियान “एक छात्र एक पेड़” के अंतर्गत वृक्षारोपण का कार्य दिनांक 7-7-2023 से 4-8-2023 तक किया गया | संस्था के राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के सहयोग से संस्था में प्रत्येक विद्यार्थी, कर्मचारी, शिक्षक –शिक्षिकाओं एवं प्राचार्य ने मिलकर संस्था परिसर में कुल 590 वृक्षों का रोपण कार्य पूर्ण किया |







NATIONAL
SERVICE SCHEME
GOVERNMENT POLYTECHNIC
BHATAPARA
Put Your Heart, Mind
& Soul into even
your smallest acts.
This is the
Secret of Success.
CHHATTISGARH SWAMI VIVEKANAND
TECHNICAL UNIVERSITY, BHILAI







## इंडस्ट्रियल विजिट

संस्था के सिविल इंजीनियरिंग चतुर्थ सेमेस्टर के छात्र- छात्राओं हेतु दिनांक 14-07-2023 को इंडस्ट्रियल विजिट के अंतर्गत जल प्रशोधन संयंत्र, भाटापारा ( Water Treatment Plant, Bhatapara) में ले जाया गया |

उक्त विजिट में सिविल विभाग के व्याख्याता श्री उपेन्द्र कुमार पटेल, श्री मनीष कुमार राज, श्री हिमेंद्र डेहरे उपस्थित रहे|



## Pre-placement प्रोग्राम





मैकेनिकल विभाग मे विभिन्न कंपनियों मे placement हेतु विभाग के व्याख्याताओं द्वारा pre-placement प्रोग्राम का आयोजन दिनांक 11-08-2023 किया गया।

उक्त प्रोग्राम में संस्था के TPO प्रभारी श्री उपेन्द्र कुमार पटेल, श्री दीपक गुप्ता, श्री सुनील कुमार अनंत उपस्थित रहे |

## विश्व आदिवासी दिवस

संस्था में विश्व आदिवासी दिवस के उपलक्ष में दिनांक 10-08-2023 को प्रथम वर्ष के विद्यार्थियों हेतु प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन Quizizz के माध्यम से किया गया | संस्था की सांस्कृतिक प्रभारी श्रीमती आम्रपाली बंसोड, एवं श्रीमती ज्योति सेन के द्वारा प्रतियोगिता का आयोजन किया गया | इसमें इलेक्ट्रिकल विभाग के मुकेश साहू प्रथम, सिविल विभाग की ऋतु घृतलहरे द्वितीय एवं इलेक्ट्रिकल विभाग के भैरव सिंह साहू तृतीय रहे|








## स्वतंत्रता दिवस के कार्यक्रम का आयोजन

संस्था परिसर में 15 अगस्त 2023 को स्वाधीनता दिवस के रूप में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया | प्राचार्य डॉ. आई. सी. भारती द्वारा ध्वज फहरा कर, उपस्थित शिक्षकों, कर्मचारियों तथा विद्यार्थियों ने मिलकर राष्ट्रगान गाया | प्राचार्य डॉ. आई. सी. भारती ने तिरंगे की तीनों रंगों के महत्त्व से सभी को परिचित करवाया | इलेक्ट्रिकल विभागाध्यक्ष श्रीमती सुनीता तिवारी एवं डॉ. मोनिका जैन ने सुमधुर गीत गा कर सभी में देशभक्ति की भावना का पुनः संचार किया | सुश्री आकांक्षा देशमुख ने स्वतंत्रता दिवस मनाए जाने के कारणों पर प्रकाश डाला | प्राचार्य डॉ. आई. सी. भारती सर के द्वारा संस्था में उत्कृष्ट कार्य करने वाले शिक्षकों , कर्मचारियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया | अंत में श्रीमती आम्रपाली बंसोड ने कार्यक्रम के समापन की घोषणा की तथा सभी को मिस्थान्न वितरण किया गया|






**स्वतंत्रता दिवस**








## सदभावना दिवस

संस्था में दिनांक 18-08-2023 को सद्भावना दिवस के उपलक्ष में सभी शिक्षकों एवं विद्यार्थियों की उपस्थिति में शपथ ग्रहण कराया गया |



## नवीन पार्किंग की concrete flooring का कार्य

संस्था में नवीन पार्किग की फ्लोरिंग का कार्य दिनांक 1-9-2023 से प्रारंभ किया गया| सिविल विभाग  के व्याख्याता श्री उपेन्द्र कुमार पटेल के देखरेख में फ्लोरिंग का कार्य पूर्ण हुआ |



# मतदाता सूची में नाम जुडवाने हेतु विशेष सिविर का आयोजन

शासकीय पॉलिटेक्निक भाटापारा में मतदाता जागरूकता अभियान के तहत मतदाता सूची में विद्यार्थियों के नाम दर्ज करने,सुधार करने आदि के संबंध में कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी(रा.) एवं निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी भाटापारा द्वारा विशेष शिविर का आयोजन दिनांक 19/08/2023 को किया गया । तहसीलदार भाटापारा श्री पेखम तोंडरे व्दारा 01 अक्टूबर 2023 की स्थिति में 18 वर्ष की आयु पूर्ण करने वाले विद्यार्थियों को गूगल प्ले स्टोर के वोटर हेल्पलाइन ऐप के माध्यम से ऑनलाइन/ऑफलाइन मतदाता सूची में नाम जुड़वाने / सुधार करने की प्रक्रिया,आवश्यक दस्तावेजो की जानकारी देने के साथ साथ एक- एक वोट के महत्व को बताते हुए एक जागरूक एवं सशक्त नागरिक बनने हेतु प्रेरित करने के साथ उनके उज्जवल भविष्य की कामना की गई। तहसील कार्यालय भाटापारा से पधारे श्री अभिषेक वर्मा ,श्री राम कौशल एवं श्रीमती रजनी धुर्वे व्दारा पात्र विद्यार्थियों के नाम मतदाता सूची में जोड़ने हेतु विद्यार्थियों को सहयोग करने के साथ ही संस्था में शिविर लगाने हेतु कार्यालय से संपर्क स्थापित कर शिविर के सफल आयोजन में महती भूमिका निभाई गई। इस शिविर हेतु संस्था की ओर से समन्वयक व्याख्याता श्री अभिषेक देवांगन व्दारा अंत मे आभार प्रदर्शन किया गया। कार्यक्रम में व्याख्याता डॉ मोनिका जैन , व्याख्याता श्री नितिन कुमार उपस्थित रहे।संस्था के प्राचार्य डॉ. आई. सी. भारती व्दारा विद्यार्थियों को अपने मत का विवेकपूर्ण उपयोग करने की सलाह देते हुए कार्यक्रम के सफल आयोजन की सबको बधाई दी गई।



पत्रिका

शिविर लगाया

**मतदाता जागरुकता अभियान : विद्यार्थियों को दी जरूरी जानकारी**

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**भाटापारा @ पत्रिका.** शासकीय पॉलिटेक्निक भाटापारा में मतदाता जागरूकता अभियान के तहत मतदाता सूची में विद्यार्थियों के नाम दर्ज करने, सुधार करने आदि के संबंध में कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी एवं निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी भाटापारा द्वारा शुक्रवार को शिविर लगाया गया। इसमें तहसीलदार पेखम तोंडरे द्वारा 1 अक्टूबर 2023 की स्थिति में 18 वर्ष की आयु पूर्ण करने वाले विद्यार्थियों को गूगल प्ले स्टोर के वोटर हेल्पलाइन ऐप के माध्यम से ऑनलाइन/ऑफलाइन मतदाता सूची में नाम जुड़वाने, सुधार करने की प्रक्रिया की जानकारी दी गई।

इसके साथ ही एक-एक वोट के महत्व को बताते हुए एक जागरूक एवं सशक्त नागरिक बनने हेतु प्रेरित करने के साथ उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई। तहसील कार्यालय भाटापारा से अभिषेक वर्मा, राम कौशल एवं रजनी धुर्वे व्दारा पात्र विद्यार्थियों के नाम मतदाता सूची में जोड़ने हेतु विद्यार्थियों को सहयोग करने के साथ ही संस्था में शिविर लगाने हेतु कार्यालय से संपर्क करने, शिविर के सफल आयोजन में महती भूमिका निभाई गई।

इस शिविर हेतु संस्था की ओर से समन्वयक व्याख्याता अभिषेक देवांगन व्दारा अंत में आभार प्रदर्शन किया गया। कार्यक्रम में व्याख्याता डॉ मोनिका जैन, व्याख्याता नितिन कुमार उपस्थित थे।

Date: 20/08/2023, Edition: Raipur Zila, Page: 20
Source : https://epaper.patrika.com/





# शिक्षक दिवस का आयोजन

संस्था में संचालित VTP पाठ्यक्रम के विद्यार्थियों ने 5-09-2023 को शिक्षक दिवस के उपलक्ष में कार्यक्रम का आयोजन किया |संस्था के प्राचार्य डॉ.आई.सी.भारती ने आशीर्वचन देकर अपनी स्वरचित कविता सुनाकर सभी को भाव विभोर किया | TPO प्रभारी श्री उपेन्द्र कुमार पटेल ने भी शिक्षक दिवस की बधाई देते हुए शुभाशीस दिया| श्रीमती आम्रपाली बंसोड ने भी आशीर्वचन दिया | VTP के प्रशिक्षकश्री दुष्यंत कुमार वर्मा ने भी सभी को संबोधित करते हुए शिक्षक दिवस की बधाई दी |







# प्रथम वार्षिक पत्रिका का विमोचन

संस्था की प्रथम वार्षिक पत्रिका के विमोचन का कार्य प्राचार्य डॉ.आई. सी. भारती द्वारा दिनांक 05-09-2023 को सभी शिक्षकों की उपस्थिति में संपन्न हुआ| पत्रिका के सम्पादक का कार्य श्रीमती आम्रपाली बंसोड तथा सहयोग का कार्य सुश्रीआकांक्षा देशमुख एवं श्रीमती ज्योति सेन द्वारा किया गया | सभी विभाग के शिक्षकों , विद्यार्थियों एवं संस्था के प्राचार्य डॉ.आई.सी.भारती के निरंतर सहयोग से वार्षिक पत्रिका का कार्य पूर्ण हुआ |







## विक्रम

## सत्र 2022-23



# शैक्षणिक भ्रमण सह प्रायोगिक कार्य

संस्था में शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कोटमी, भाटापारा के कक्षा 12वीं से छात्र-छात्राएं 3 दिन (दिनांक 02/09/2023, 04/09/2023 एवं 06/09/2023 को) संस्था में उपस्थित हुए | विद्यालय के तीन शिक्षक श्री पी. एन. हिरवानी, श्री राहुल ठाकुर एवं सुश्री शकीना बेगम तथा कक्षा बारहवीं के कुल 42 छात्र- छात्राओं द्वारा शैक्षणिक भ्रमण सह प्रायोगिक कार्य संस्था के सिविल विभाग से श्री मनीष कुमार राज, श्री उपेन्द्र कुमार पटेल, सुश्री आकांक्षा देशमुख एवं श्री हिमेन्द्र डेहरे ने ग्राउंड की दूरी मापना सिखाया जरीब के द्वारा, projection draw करना सिखाया, plane table survey, theodolite survey से angle measurement सिखाया गया | छात्र- छात्राओं को रसायन प्रयोगशाला डॉ.मोनिका जैन एवं भौतिक प्रयोगशाला में श्रीमती ज्योति सेन के द्वारा भी प्रायोगिक कार्य सफलता पूर्वक संपन्न किया गया ।







2023/9/6 11:47








GOVERNMENT POLYTECHNIC
BHATAPARA



## प्रवेश समिति एवं DVC समिति की बैठक

संस्था की प्रवेश समिति एवं DVC समिति के सदस्यों की बैठक दिनांक 12-9-2023 को रखा गया| प्रवेश समिति अध्यक्ष डॉ. मोनिका जैन ने वर्ष 2023-24 में नव प्रवेशित छात्र –छात्राओं के प्रवेश सम्बंधित सभी आवश्यक दस्तावेजों के बारे में बताया| उक्त बैठक में समिति के सदस्य श्री भूपेन्द्र कुमार देवांगन, श्री मनीष कुमार राज, श्री सुनील कुमार अनंत, सुश्री आकांक्षा देशमुख एवं श्रीमती आम्रपाली बंसोड उपस्थित रहे|



## उच्च शिक्षा हेतु अग्रसर

संस्था से उच्च शिक्षा (M.Tech.) हेतु मेकेनिकल विभाग से श्री दीपक गुप्ता एवं इलेक्ट्रिकल विभाग से श्री केशव प्रसाद पटेल का अध्ययन अवकाश स्वीकृत कर कार्यमुक्त किया गया|






## Profile of a Teacher



**Manish Kumar Raj**
B.Tech (Civil Engeneering)
2010-2014
NIET Jaipur (Rajasthan)

Experience- 7 Year

संस्था के सिविल विभाग के व्याख्याता श्री मनीष कुमार राज  ने अपनी शासकीय सेवा का प्रारम्भ व्याख्याता सिविल इंजिनियरिंग के रूप में इस संस्था से दिनांक 07 -10-2016 से वर्तमान तक सुशोभित हैं |

संस्था में इन्होने छात्रवृत्ति प्रभारी के रूप में 2016 से 2018 तक कार्य सम्पादित किया | वर्ष 2016 से वर्तमान तक ड्राइंग स्टेशनरी प्रभारी व  छात्र संघ प्रभारी के रूप में छात्र हित संबंधी कार्यों का क्रियान्वयन किया जा रहा है | 2017 से क्रय समिति के सदस्य के रूप में अपनी सहभागिता दी है | 2020 से भवन प्रभारी, सुरक्षा प्रभारी के रूप में निरंतर संस्था हित में कार्य किये जा रहे हैं व दस्तावेज़ परिक्षण केंद्र भाटापारा में सदस्य के रूप में सहभागिता रही है |

इन्होने तीन सप्ताह का औद्योगिक प्रशिक्षण लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग भाटापारा  से पूर्ण किया | दो सप्ताह का Induction training programme NITTTR Bhopal से पूर्ण किया

वर्तमान में संस्था के सिविल विभाग के Transportation Engineering Lab प्रभारी के रूप में कार्यरत हैं व इनके द्वारा Hydraulics, Water Resource engg., Construction mgmt, Transportation Engineering की कक्षाएं ली जाती है

**संपादकीय–**

यह अत्यंत गर्व एवं हर्ष की बात है कि संस्था के न्यूज़लेटर का पिछले एक वर्ष का हमारा प्रयास आप सभी की उम्मीदों पर खरा उतरा, इसी ख़ुशी के साथ हम संस्था के न्यूज़लेटर के द्वितीय वर्ष के तृतीय अंक का प्रकाशन कर रहे हैं | संस्था के प्रत्येक विभाग की उपलब्धियों को हमने इस न्यूज़लेटर के माध्यम से आप सभी तक पहुचाने का प्रयास पुरे लगन से किया है |

हमारा यह न्यूज़लेटर, संस्था के सभी व्यक्तियों के उम्मीदों पर खरा उतरने में प्रयासरत है |

## Vision of the Institute

To be a quality technical institute that will transform the Students to be skilled manpower and socially receptive citizens.

## Mission of the Institute –

- Achieve improved teaching-learning process and industry integrated interactions to meet the need of the engineering Environment.
- Empower the students with knowledge, attitude and skill of employability, entrepreneurship and professionally ethical citizens.

Government Polytechnic Bhatapara, Village Deori Road, Dist- Balodabazar-Bhatapara, 493118 (C.G.)

E-mail- gpbhatapara@gmail.com Website- gpbhatapara.ac.in